नेकी राम कालेज में अंतर-जिला विज्ञान प्रदर्शनी का होगा आयोजन

जागरण संवाददाता • रोहतक : पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में डीजीएचई (उच्च शिक्षा महानिदेशालय) की ओर से अंतर-जिला विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करेगा।

रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष व प्रदर्शनी के नोडल अधिकारी प्रोफेसर डा. रविंद्र सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी का आयोजन जनवरी-2025 के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। इसमें रोहतक और सोनीपत जिले के सरकारी व एडिड महाविद्यालय भाग लेंगे। करीब 31 महाविद्यालयों को इसके संदर्भ में पत्र भेजा जा चुका है। वहीं प्रदर्शनी समय और तिथि के बारे में डीजीएचई द्वारा अलग से सूचित किया जाएगा।

इन विषयों के विद्यार्थी लेंगे भाग: नोडल अधिकारी प्रो. रविंद्र सिंह ने बताया कि वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, भूगोल, भौतिकी, मनोविज्ञान, प्राणीशास्त्र विज्ञान में से कम से कम एक विषय पढने वाले स्नातक छात्र अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेंगे।

> प्रदर्शनी के लिए सभी महाविद्यालयों को जानकारी दी गई है। अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी में दो जिलो के प्रतिभागी भाग लेंगे, इसके बाद जीतने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपने माडल प्रस्तुत करेंगे।
>
> **-डा. लोकेश बल्हारा,** प्राचार्य, नेकीराम महाविद्यालय रोहतक